पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल, केन्द्रीय गृहमंत्री तथा मुख्यमंत्री ने पं0 दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित की</u>
<u>केन्द्र और प्रदेश सरकार पं0 दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर चल रही है–राज्यपाल</u>

लखनऊ: 25 सितम्बर 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक, केन्द्रीय गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, विधि मंत्री श्री बृजेश पाठक, राज्यमंत्री श्रीमती स्वाती सिंह, विधायक श्री सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव, लखनऊ की मेयर श्रीमती संयुक्ता भाटिया ने आज पं0 दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर के0के0सी0 स्थित दीनदयाल वाटिका में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विशिष्टजन एवं नागरिकगण भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल श्री राम नाईक एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पं0 दीनदयाल उपाध्याय को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात् पं0 दीनदयाल उपाध्याय की नवनिर्मित मूर्ति के अनावरण हेतु आगरा जाना था।

राज्यपाल ने पं0 दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर जारी अपने संदेश में कहा है कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी असाधारण व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। वे एक समाज सुधारक थे। उन्होंने एकात्म मानववाद का संदेश देते हूये अंत्योदय का विचार प्रस्तुत किया। पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी ने अपना पूरा जीवन देश की निःस्वार्थ सेवा में लगा दिया। राज्यपाल ने कहा कि दो वर्ष पूर्व पूरे देश में पं0 उपाध्याय जी की जन्म शताब्दी वर्ष मनाया गया। हमें सोचना होगा कि हमने पं0 उपाध्याय के दिखाये मार्ग पर कितना आगे बढ़े हैं और कितना आगे चलना है।

श्री नाईक ने पं0 दीनदयाल उपाध्याय के अन्तिम भाषण का उदाहरण देते हूए बताया कि पं0 दीनदयाल ने कहा था कि 'जिस दिन गरीबों को पक्के, सुन्दर, स्वच्छ घर बनाकर देंगे, जिस दिन हम इनके बच्चों और स्त्रियों को शिक्षा और जीवन-दर्शन का ज्ञान देंगे, जिस दिन हम इनके हाथ और पांव की बिवाइयों को भरेंगे और जिस दिन इनको उद्योगों और धन्धों की शिक्षा देकर इनकी आय को ऊंचा उठा देंगे, उस दिन हमारा भ्रातृभाव व्यक्त होगा।' राज्यपाल ने कहा कि 50 वर्ष पूर्व पंडित जी ने जो विचार व्यक्त किये थे उन्हीं विचारों पर देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में योजनाएं बन रही है और कार्यान्वित हो रही हैं। उन्होंने आहवान किया है कि सभी लोग इस पुनीत यज्ञ में अपनी आहूति देकर देश और प्रदेश को आगे बढ़ाने में योगदान दें, यही पं0 दीनदयाल उपाध्याय के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

अंजुम/ललित/राजभवन (372/38)

प्रतिमा का अनावरण
श्री अटल बिहारी
पूर्व प्रधान मंत्री, भारत सरकार
के कर कमलों द्वारा
श्री कल्याण सिंह
मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश
की अध्यक्षता में एवं
श्री लाल जी
एवं नगर विकास,
उपस्थिति में
को सम्पन्न
जे. एस. मिश्र
विकास प्राधिकरण